भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.06.2025

# आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा योग गोष्ठी का आयोजन

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के प्रशासनिक भवन स्थित सेमीनार कक्ष में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र के नेतृत्व में एक योग गोष्ठी का आयोजन दिनांक– 25.06.2025 को किया गया।

योग गोष्ठी में अतिथि वक्ता योगाचार्य अमित कुमार त्रिपाठी ने **"तन मन जीवन की एक सुन्दर यात्रा लिए योग"** विषय पर योग के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा समझाया कि भारत में पतंजलि ने किस प्रकार **''योगसूत्र''** ग्रन्थ लिख कर जन जन के लिए योग को व्यावहारिक बना दिया एवं लोगों को योग के लिए प्रेरित किया।

आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र ने योग गोष्ठी में योग के अष्टांगिक मार्ग के दार्शनिक पक्ष को समझाते हुए यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि, के संबंध में बहुत महत्वपूर्ण तथा व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल ने योग के संबंध में बताया कि योग भारत की विश्व को अनमोल देन है। हम स्वयं योग करें तथा अपने बच्चों को भी योग कराएं। आप जितने योग से जुड़े रहेगे उतनी दवाइयों से दूरी बनी रहेगी।

आरेडिका के राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

आरेडिका के अधिकारियों, एवं कर्मचारियों ने योग गोष्ठी में उत्साह के साथ भाग लिया और योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का दृढ संकल्प लिया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आरेडिका के विभिन्न विभागों ने अपना योगदान प्रदान किया।

26.6.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी